सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 श्रावण 9, गुरुवार, शाके 1947–जुलाई 31, 2025 अंक 18
Vol. 77 Sravana 9 , Thursday, Saka 1947–July 31, 2025 No. 18

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

नाम/उपनाम/सरनेम परिवर्तन करने का बन्ध–पत्र

(नियम 8 राजस्थान सेवा नियम वित्त विभाग के आदेश सं. एफ. 1/12/एफ.डी.ई.आर. 187, दिनांक 10–04–57 की अनुपालना में)

इस बन्ध–पत्र द्वारा मैं, निम्न हस्ताक्षरकर्ता महेन्द्र सिंह शेखावत (नया नाम) जो अभी इससे पूर्व महेन्द्र सिंह (पुराना नाम) कहलाता था एवं जो महेन्द्र सिंह कानि. (संबंधित राज्य कर्मचारी द्वारा उस समय धारित किये गये पद का नाम) के रूप में राज. पुलिस जिला टोंक (स्थान जहां राज्य सरकार के विभाग में नियुक्त हो) पर नियुक्त था, एतद्द्वारा :–

1. स्वयं तथा मेरी पत्नी एवं बच्चे तथा दूर के बच्चे जो पूर्णतया आश्रित हों मेरे पूर्व नाम महेन्द्र सिंह उपनाम..... (सिर्फ) को त्यागता हूँ तथा उसके स्थान पर उसी तारीख से नाम महेन्द्र सिंह तथा उपनाम शेखावत ग्रहण करता हूँ एवं इसलिए मैं, मेरी पत्नी, बच्चे, दूर के बच्चे एतद्द्वारा मेरे पूर्व उपनाम महेन्द्र सिंह (केवल) से न जाने जाएं तथा पहचाने जाए बल्कि मेरे द्वारा ग्रहण किये गये उपनाम महेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा जाने जाएं।
2. उक्त मेरे निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करता हूँ कि मैं एतद्पश्चात् सभी समय निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बन्ध–पत्रों, प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों, व्यवहारों एवं लेन–देनों में तथा सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम महेन्द्र सिंह तथा उपनाम .....(सिर्फ) के स्थान पर एवं उसके परिवर्तन में महेन्द्र सिंह नाम के रूप में तथा शेखावत उपनाम के रूप में प्रयुक्त करूंगा एवं हस्ताक्षर करूंगा।
3. स्पष्टतः एतद्पश्चात् तथा सभी समय, सभी व्यक्तियों को मुझे, मेरी पत्नी, मेरे बच्चे, दूर के बच्चों को तदनुसार नये रखे नाम महेन्द्र सिंह उपनाम शेखावत के नाम से संबोधित करने के लिए प्राधिकृत करता हूँ तथा उसके लिए निवेदन करता हूँ।

इसके साक्षी में, मैंने अपने पूर्व नाम एवं नये नाम महेन्द्र सिंह तथा महेन्द्र सिंह शेखावत का वर्णन किया है तथा दिनांक 25.06.2025 को हस्ताक्षर किये हैं।

हस्ताक्षरित निम्नलिखित की उपस्थिति में उपर्युक्त नाम महेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा जो पूर्व में महेन्द्र सिंह कहलाता था, हस्ताक्षर किये हैं।

साक्षी :–

1. मिश्री लाल मीना, प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, स्वागत कक्ष, पुलिस मुख्यालय, राज. जयपुर।
2. राकेश कुमार बैरवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा–द्वितीय)

महेन्द्र सिंह
हस्ताक्षर
नया नाम : महेन्द्र सिंह शेखावत
पुराना नाम : महेन्द्र सिंह

प्रतिहस्ताक्षर
पीयूष दीक्षित
25.06.2025
अति. पुलिस अधीक्षक
एसएसबी (मुख्यालय–प्रथम) जयपुर।

9405

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।